युवा वर्ग को उच्च आदर्शों से जोड़ना जरूरी

मुलाना, 15 सितंबर (निस)

उड़ीसा के राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए युवा वर्ग को उच्च आदर्शों व नैतिक मूल्यों से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश के युवा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में हैं। भारतीय उच्च परम्पराओं से युवा वर्ग को जोड़ना समय की मांग है। राज्यपाल शनिवार को महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में आयोजित 'वाई इंडिया वाई नॉट भारत' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी के सचिव संजीव गर्ग एवं उपकुलपति विक्टर गंभीर मुख्य रूप से मौजूद रहे। राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि भौतिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी जरूरी है।

मुलाना में शनिवार को एमएम यूनिवर्सिटी में संगोष्ठी का शुभारंभ करते उड़ीसा के राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल। -निस

स्मारिका का विमोचन

राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने इस मौके पर वाई इंडिया, वाई नॉट भारत स्मारिका का विमोचन भी किया। राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि भारत को श्रेष्ठ भारत के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए शिक्षक वर्ग, रचनाकारों और कवियों को भी देशभक्ति से ओतप्रोत साहित्य प्रस्तुत करना होगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डा. एसएस मिश्रा ने भारत शब्द की सार्थकता को सिद्ध करने के लिए ऋग्वेद तक के साहित्य के उदाहरण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसडीएम गिरीश कुमार, डीएसपी सुधीर मेहता, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एमएल सरवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

1539 शपथ फार्म अंगदान के भरे, निदेशक ने लगाई मोहर

बराड़ा, 6 दिसम्बर (शर्मा): महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे अंगदान महादान के परिपेक्ष में जो रिकार्ड 1539 शपथ फार्म भरे थे, उन पर नोटो निदेशक ने मोहर लगा दी है।

उन्होंने बताया कि आज तक भारतवर्ष के साथ-साथ पूरे विश्व में भी इतनी तादाद में किसी भी देश से इतने शपथ फार्म नहीं भरे। सम्मेलन संयोजक डा.अशोक कुमार ने बताया कि 1 दिसम्बर को 1539 अंगदान शपथ फार्म, नोटो के प्रतिनिधि डा.सुरेश कुमार बधान को सौंपे थे। इस कार्य में डा. अनिल शर्मा, डा. कपिल गोयल, करण अग्रवाल एवं डा. गिरीश गुप्ता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। संयोजक डा.अशोक कुमार ने कहा कि इस मुहिम को हम अपने स्तर पर भी सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में चलाएंगे। डा. कुमार ने कहा कि जल्द ही यह विश्व रिकार्ड बन जाएगा जो कि गिनिज बुक में दर्ज करवाया जाएगा।

इस अनोखी उपलब्धि के लिए एम.एम. विश्वविद्यालय मुलाना के कुलपति तरसेम कुमार गर्ग, सचिव संजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गर्ग ने खुशी का इजहार करते हुए डाक्टरों सहित स्टाफ को बधाई दी है।

Punjab Kesari

dt 7.12.2017

Symposium on social issues at Mullana varsity

TRIBUNE NEWS SERVICE

2-12-17

AMBALA, DECEMBER 2

A National Symposium on Current Social Issues: The Role of Youth (NSCSITRY-2017) was organised at Maharishi Markandeshwar University (MMU), Mullana on Friday.

Indresh Kumar, an executive member of the RSS and patron of the National Muslim Manch, , was the chief guest of the programme. He asked students to work for the welfare of the nation. He inaugurated a statue of Maharaja Agarsain on the occasion.

The university handed over as many as 1,539 forms pledging organ donation to the National Organ and Tissue Transplant Organisation (NOTTO) representative.